प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

'आज के मुख्य समाचार''

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए चौबीसों घंटे निगरानी और सुनियोजित प्रतिक्रिया पर दिया बल।

- प्रदेश विधानसभा में किसान आयोग विधेयक ध्वनि मत से पारित–किसानों की समस्याओं के समाधान में निभाएगा अहम भूमिका।

- आज गुड फ्राईडे है– इसे मौके पर गिरिजा घरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

- युवा संगम एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय पुडुचेरी के साथ शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का करेगा आदान–प्रदान।

- पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में आज से मौसम लेगा करवट–मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पांच जिलों में अंधड़ व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।

राजनाथ सिंह–मंत्री बैठक

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए चौबीसों घंटे निगरानी और सुनियोजित प्रतिक्रिया पर जोर दिया है। रक्षा मंत्री ने कल नई दिल्ली में मंत्रियों के अनौपचारिक अधिकार प्राप्त समूह की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने बताया कि मंत्री समूह को पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों से अवगत कराया गया। बैठक के दौरान, सचिवों के सात अधिकार प्राप्त समूहों ने स्थिति से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी जानकारी दी। मंत्री समूह को बताया गया कि एल.पी.जी. वितरकों के यहां आपूर्ति समाप्त होने की कोई खबर नहीं है। इस मंत्री समूह का गठन पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर नजर रखने के लिए किया गया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय बैठक

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव नीरज मित्तल ने कल देश भर में ईंधन आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अपर मुख्य सचिवों और प्रधान सचिवों – खाद्य और नागरिक आपूर्ति के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान, सचिव ने राज्यों को जमाखोरी, हेराफेरी और अनावश्यक डर पैदा करने वाली गलत सूचनाओं के प्रसार के खिलाफ कड़ी निगरानी रखने की भी सलाह दी गई।

किसान आयोग विधेयक

प्रदेश विधानसभा में कल किसान आयोग विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने इस विधेयक को कल सदन में पेश किया, जिसे बहुमत से मंजूरी मिल गई। इस विधेयक के पास होने के साथ ही प्रदेश में एक संगठित किसान आयोग के गठन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रस्तावित आयोग में एक अध्यक्ष के साथ कुल 8 सदस्य होंगे, जिनमें 5 सरकारी और अधिकतम 3 गैर–सरकारी सदस्य शामिल किए जाएंगे। कृषि विभाग के निदेशक आयोग में सदस्य सचिव की भूमिका निभाएंगे। सरकार का मानना है कि प्रदेश में खेती की घटती लाभप्रदता, भू जोतों का विघटन और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ऐसे में यह आयोग किसानों की समस्याओं के समाधान में अहम भूमिका निभाएगा।

बजट सत्र

इस बीच प्रदेश की 14वीं विधानसभा का बजट सत्र कल अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित हो गया। सत्र के समापन के बाद विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि बजट सत्र दो चरणों में आयोजित किया गया जिसमें पहले चरण में 3 जबकि दूसरे चरण में 13 बैठकों का आयोजन किया किया। उन्होंने बताया कि बजट सत्र में सदन की कुल 16 बैठकें हुई, जिसकी कार्यवाही लगभग 90 घंटें तक चली। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सत्र की उत्पादकता एक सौ 3 प्रतिशत रही।

शिक्षा मंत्री

राज्य सरकार द्वारा समग्र शिक्षा के तहत कुल 6 सौ 50 शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कल शिमला के पीटरहॉफ से पहले चरण में एक सौ 35 शारीरिक शिक्षकों को नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स पटियाला के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें नए अनुभव प्राप्त होंगे, जिनका सीधा लाभ प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियों को मिलेगा। पहले चरण में भेजे गए 135 शिक्षकों में 51 महिला शिक्षक शामिल हैं।

*एक नई शुरूआत हुई है हमने शिक्षा विभाग में समग्र शिक्षा के माध्यम इसे प्रारंभ किया जिसके तहत लगभग हमारे कुछ 650 आस पास हमारे शारीरिक शिक्षक डी पी है सीपीएस है निस पटियाला जाएंगे ओरिएंटेशन प्रोग्राम लगभग एक सप्ताह का रखा है पांच बैचिंज में यह लोग जाएंगे उसी तरह से स्पोंट्स एक्टिविटी को भी हमारी सरकार ने प्राथमिका दी है यह लोग जाएंगे और निश्चित रूप में भी पिछले तीन साढे तीन वर्षों में अच्छा कार्य हुआ उसमें स्टोपर्स एक्टिविटी बहुत अच्छी हुई और इसके लिए मैं शिक्षा विभाग को विशेष कर समग्र शिक्षा को बहुत–बहुत बधाई देता हूं*

संयुक्त राष्ट्र–पश्चिम एशिया

संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतरेश ने कल अमरीका, इस्राएल और ईरान को पश्चिम एशिया में युद्ध रोकने का स्पष्ट संदेश दिया। महासचिव ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद और कूटनीति पर ज़ोर दिया। शांतिपूर्ण मार्ग खोजने के लिए राजनयिक प्रयासों के जारी रहने पर बल देते हुए श्री गुतरश ने कहा कि विवादों का शांतिपूर्ण समाधान होना चाहिए और सभी सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए।

गुड फ्राईडे

आज गुड फ्राईडे है। विश्व भर में ईसाई आज गुड फ्राइडे मना रहे हैं और ईसा मसीह के क्रूस पर चढ़ने की स्मृति में प्रार्थना कर रहे हैं। चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं और क्रूस की यात्रा हो रही है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हो रहे हैं। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित क्राईस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में लोग विशेषकर ईसाई धर्म के अनुयायी भाग ले रहे हैं। वहीं प्रदेश के अन्य चर्चों में भी विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही हैं। ईस्टर से पहले आने वाले पवित्र सप्ताह के हिस्से के रूप में यह दिन मौन और तपस्या के साथ मनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुड फ्राइडे के अवसर पर यीशु मसीह के बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि यह दिन लोगों को करुणा, क्षमा और सेवा के आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने इन मूल्यों को जीवन में अपनाने और समाज में शांति तथा भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया।

भारत श्रेष्ठ भारत

भारत सरकार की प्रमुख पहल युवा संगम एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत इस वर्ष भी हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय को समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल ने धर्मशाला में कहा कि इस वर्ष हिमाचल प्रदेश का पेअर स्टेट पुदुचेरी निर्धारित किया गया है, जहां एनआईटी पुदुचेरी के साथ शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का आदान–प्रदान किया जाएगा। इस वर्ष प्रदेश के विभिन्न जिलों से एक हजार से अधिक युवाओं ने पंजीकरण किया है, जिनमें से 50 प्रतिभागियों का चयन विश्वविद्यालय की चयन समिति द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर किया जाएगा।

*असल में यह जो युवा संगम एक बात श्रेष्ठ कार्यक्रम है इस का उदेश्य युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के साथ जोड़ना युवाओं को विकसित भारत 2047 का स्वप्न उसके लिए भारत कैसा होगा 2047 में और इस युवा शक्ति का क्या योगदान होगा गत वर्ष हिमाचल और उड़िसा के साथ पेयर मिला था आदान प्रदान विचारों का हुआ था इस वर्ष हिमाचल प्रदेश व पुडुचेरी को मिला है इसमें एक हजार युवाओं ने पहले चरण में आवेदन आए है जिसमें हम करीब 50 युवाओं को चयनित करेंगे। और वह 50 विघार्थी यहां से पुडुचेरी जाएंगे और 50 विद्यार्थी पुडुचेरी से हिमाचल आएंगे।*

लोक अदालतों

प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व संबंधी लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए आयोजित की जा रही विशेष लोक अदालतों का आकांक्षी जिला चम्बा के लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है। जिला चम्बा में जनवरी 2026 से मार्च 2026 तक तहसील एवं उप–तहसील स्तर पर आयोजित की गई विशेष राजस्व लोक अदालतों के दौरान 1 हजार 383 राजस्व मामलों का सफल निपटारा किया गया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाददात...

राजस्व सम्बन्धी मामलों के निष्पादन के लिए तहसील व उप तहसीलों के कई चक्कर लगाने पर मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान रहने वाले लोगों को अब इन परेशानियों से निजात मिल गई है। सरकार इसके लिए गांव गांव में विशेष लोक अदालतों का आयोजन कर रही है ताकि लोगों के कार्यों का समय पर और आसानी से निपटारा हो सके। इसके लिए उपायुक्त की तरफ से भी सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सप्ताह में 1–2 दिन विशेष राजस्व लोक अदालत का आयोजन कर लंबित मामलों, विशेषकर एक वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा सुनिश्चित करें। आकाशवाणी के लिए चंबा से विकास ठाकुर

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में आज से मौसम फिर करवट ले सकता है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में घने बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पांच जिलों चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला के कुछ स्थानों में अंधड़ व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं राज्य में आगामी 6 दिनों तक कई क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई गई है। मार्च महीने में सामान्य से 17 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है।

एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में बनेगा किसान आयोग समस्याएं निपटाएगा, आय बढ़ाएगा । दैनिक जागरण का लिखता है–निजी वाहन का अब एक सौ रुपये लगेगा प्रवेश शुल्क। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–लाइट कॉमयिल व्हीकल टोल टैक्स से बाहर। इस पत्र की एक अन्य सुर्खी है–अब दो घरेलू मीटरों पर 250 यूनिट फ्री बिजली। पंजाब केसरी का शीर्षक है–सरकार का डीजल और पैट्रोल प सैस लगाने का कोई मकसद नहीं।

दैनिक भास्कर लिखता है–राज्य में वर्ष 2024 में दल बदलने वाले दो विधायक होंगे पेंशन से पूरी तरह वंचित ।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए चौबीसों घंटे निगरानी और सुनियोजित प्रतिक्रिया पर दिया बल।
- प्रदेश विधानसभा में किसान आयोग विधेयक ध्वनि मत से पारित–किसानों की समस्याओं के समाधान में निभाएगा अहम भूमिका।
- आज गुड फ्राईडे है– इसे मौके पर गिरिजा घरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।
- युवा संगम एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय पुडुचेरी के साथ शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का करेगा आदान–प्रदान।
- पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में आज से मौसम लेगा करवट–मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पांच जिलों में अंधड़ व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।